CAREERINDIA

**SL. No. : L**

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 47 ]
Total No. of Questions : 47 ]

**CCE RR**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 85-H**

**Code No. : 85-H**

# ವಿಷಯ : ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ

# Subject : SOCIAL SCIENCE

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ / Hindi Version )**

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ/ New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ :19. 06. 2017 ] [ Date : 19. 06. 2017

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

## ***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 47 प्रश्न हैं ।

2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

यहाँ से काटिए

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

Tear here

www.careerindia.com

CAREERINDIA



I. निम्नलिखित प्रश्नों/ अपूर्ण कथनों प्रत्येक के लिए **चार** विकल्प दिये गये हैं। उनमें केवल एक सही अथवा सबसे अधिक उपयुक्त है । सही विकल्प चुनकर पूर्ण उत्तर क्रमाक्षर सहित लिखें ।

$10 \times 1 = 10$

1. **स्तम्भ - A** में नेताओं की सूची तथा **स्तम्भ - B** में उनके पदनाम दिये गये हैं । सही समूह को पहचानें ।

| **स्तम्भ - A** | **स्तम्भ - B** |
|---|---|
| (a) जवाहरलाल नेहरू | (i) प्रथम राष्ट्रपति |
| (b) डॉ० राजेंद्र प्रसाद | (ii) प्रथम गृह मंत्री |
| (c) सरदार वल्लभभाई पटेल | (iii) राज्य पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष |
| (d) जस्टिस फजल अली | (iv) प्रथम प्रधान मंत्री । |

| | ***a*** | ***b*** | ***c*** | ***d*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | i | ii |
| (B) | iv | i | ii | iii |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | ii | iii | iv | i. |

2. 'शांति, भोजन तथा जमीन' का लोकप्रिय नारा निम्न में से किस नेता ने दिया था ?

(A) जोसेफ स्टालिन

(B) मुसोलिनी

(C) माओ-त्से-तुंग

(D) लेनिन ।

3. मुम्बई के होटल ताज में 26/11 का आतंकवादी हमला से किनके संबंध में तनाव उत्पन्न हुआ ?

(A) भारत – नेपाल

(B) भारत – म्यामार

(C) भारत – पाकिस्तान

(D) भारत – श्रीलंका ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



4. 24 अक्टूबर, 1945 महत्वपूर्ण दिन होने का कारण है

(A) संयुक्त राष्ट्र संघ ( U. N. O. ) की स्थापना हुई

(B) राष्ट्रमंडल ( Commonwealth of Nations ) का प्रारम्भ हुआ था

(C) यूरोपीय यूनियन का गठन हुआ था

(D) SAARC क्षेत्रीय संघ का गठन हुआ था ।

5. 1976 में सरकार द्वारा श्रम विभेद को दूर करने के लिए लाया गया अधिनियम है

(A) रोजगार गारंटी अधिनियम

(B) छुआछूत निषेध अधिनियम

(C) बाल श्रम निवारण अधिनियम

(D) समान मजदूरी अधिनियम ।

6. मानचित्र में चिह्नित स्थानों का सही मेल है




(A) 1-कोशो, 2-नर्मदा, 3-हीराकुड

(B) 1-नागार्जुन सागर, 2-नर्मदा, 3-कोशी

(C) 1-नर्मदा, 2-कोशो, 3-नागार्जुन सागर

(D) 1-कोशो, 2-नागार्जुन सागर, 3-नर्मदा ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



7. 'स्वर्ण क्रांति' पद ................. क्षेत्र में उपलब्धि के लिए निर्देशन है ।

   (A) स्वर्ण खनन (B) बागवानी

   (C) डेयरी फार्मिंग (D) मत्स्य पालन ।

8. 'प्लैन्ड इकोनॉमी फॉर इण्डिया' नामक पुस्तक के लेखक .................. हैं ।

   (A) सर एम॰ विश्वेश्वरैया

   (B) डॉ॰ एम॰ एस॰ स्वामीनाथन

   (C) डॉ॰ वर्गीस कुरियन

   (D) डॉ॰ नार्मन बोरलॉग ।

9. जिस खाता में रुपये जमा करने के बाद परिपक्वता तिथि के पहले रुपये नहीं निकाला जा सकता उस खाता को ...................... कहते हैं ।

   (A) बचत बैंक खाता (B) चालू खाता

   (C) आवर्ती जमा खाता (D) सावधि जमा खाता ।

10. मि॰ प्रताप रेड्डी ................. से संबद्ध हैं ।

   (A) द अपोलो हॉस्पिटल (B) द रिलायन्स कम्पनी

   (C) विप्रो टेक्नोलॉजीज (D) बायोकॉन लि॰ ।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर एक वाक्य में दें : 14 × 1 = 14

11. 'कालचक्र' का क्या तात्पर्य है ?

12. 1909 का मिन्टो-मॉर्ले सुधार भारत विभाजन का कारण था । क्यों ?

13. किस यूरोपीय राष्ट्र ने भारत के एक भाग पर बहुत समय तक शासन किया ?

14. कर्नाटक सरकार ने डॉ॰ डी॰ एम॰ नंजुदप्पा कमिटी का गठन क्यों किया ?



www.careerindia.com

CAREERINDIA



15. U.N.O. के न्यासी परिषद के कार्यों में कमी आयी है । क्यों ?

16. हमारे संविधान का अनुच्छेद 24 क्या घोषणा करता है ?

17. भारत सरकार ने 'जन्म-पूर्व लिंग निर्धारण परीक्षण निषेध अधिनियम' क्यों पारित किया ?

18. दक्षिण भारत की सबसे ऊँची पर्वतीय चोटी कौन है ?

19. भारत में झुम कृषि ( Shifting Cultivation ) में क्यों कमी आयी है ?

20. पेट्रोलियम को 'तरल सोना' क्यों कहा जाता है ?

21. 'भारत का सिलिकॉन शहर' किसे कहा जाता है ?

22. 'उत्तर-फसल तकनीकी' ( Post-Harvest Technology ) से क्या तात्पर्य है ?

23. भारत में वित्तीय वर्ष की अवधि क्या है ?

24. सरकार द्वारा 'जिला औद्योगिक केन्द्र' की स्थापना का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दो** वाक्यों में दें : $15 \times 2 = 30$

25. प्लासी युद्ध का क्या प्रभाव पड़ा ?

26. 'श्रीरंगपटन की संधि' की शर्तें क्या हैं ?

27. भारत के सामाजिक-धार्मिक सुधार में राजा राममोहन राय की क्या देन है ?

**अथवा**

सत्य शोधक समाज द्वारा क्या सुधार किये गये ?

28. नाजी विचारधारा कैसे जर्मनी को ध्वंस कर दिया ?

29. महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किये गये हैं ?

30. आतंकवाद के क्या प्रभाव हैं ?



www.careerindia.com

CAREERINDIA



31. दंगा ( riot ) की प्रकृति का वर्णन करें ।

32. "भारतीय कृषि मॉनसून के साथ जुआ है ।" क्यों ?

33. मृदा ( Soil ) अपरदन के क्या प्रभाव पड़ते हैं ?

34. वनों का संरक्षण कैसे किया जा सकता है ?

35. प्राकृतिक आपदाओं से मुकाबला करने में रीमोट सेंसिंग तकनीकी कैसे मददगार होता है ?

36. तटीय अपरदन को कैसे रोका जा सकता है ?

37. लोगों के गाँवों से शहरों में स्थानांतरण से क्या प्रभाव पड़ते हैं ?

38. प्रति व्यक्ति आय विकास की सही माप नहीं हो सकती । क्यों ?

39. "भूमंडलीकरण के कारण पर्यावरणीय प्रदूषण बढ़ रहा है ।" स्पष्ट करें ।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर **छह** वाक्यों में दीजिए : $6 \times 3 = 18$

40. "1857 का भारतीय स्वतंत्रता का प्रथम युद्ध का परिणाम अपेक्षा के अनुसार नहीं हुआ ।" कारण बताइए ।

**अथवा**

"भारतीय शिक्षा के क्षेत्र में ब्रिटिश शासन का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा ।" पुष्टि करें ।

41. भारतीय विदेश नीति को प्रभावित करने वाले कारक कौन हैं ?

**अथवा**

वर्तमान समय में चीन के साथ हमारे संबंध में तनाव होने के क्या कारण हैं ?

42. सरकार अस्पृश्यता निवारण के लिए क्या उपाय कर रही है ?

**अथवा**

बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए उपचारी उपाय कौन-कौन हैं ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



43. भारत में सड़क परिवहन को कौन-कौन सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है ?

**अथवा**

उद्योगों की स्थिति को प्रभावित करने वाले कारक कौन हैं ?

44. ग्रामीण विकास में पंचायत राज संस्थाओं की भूमिका का वर्णन करें ।

**अथवा**

लोक वित्त ( public finance ) के महत्व का वर्णन करें ।

45. बैंक खाता खोलने से हमें क्या लाभ होते हैं ?

**अथवा**

बीमा पॉलीसी लेते समय किन बातों का ख्याल रखना चाहिए ?

V. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **आठ** से **दस** वाक्यों में दीजिए : 4

46. भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन में बाल गंगाधर तिलक की भूमिका का वर्णन करें ।

VI. 47. भारत का रेखा मानचित्र खींचकर निम्न को चिह्नित करें : 1 + 3 = 4

a) $23\frac{1}{2}^{\circ}$ उत्तरी अक्षांश

b) उत्कल तट

c) तुंगभद्रा परियोजना ।

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए विकल्प प्रश्न : ( प्रश्न सं० 47 के बदले में )**

हिमालय के क्या उपयोग हैं ? 4

www.careerindia.com

CAREERINDIA



www.careerindia.com